चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

Email.:- registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ website:-www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक : आर0ओ0 / 998 / 2025–26 दिनांक : 11-06-2026

अनुस्मारक–द्वितीय

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक,
वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / लेखाधिकारी,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– शासन के निर्देशों के अनुपालन में ई–आफिस प्रणाली लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः 460 / सत्तर–3–2026–2030500, दिनांक 30 अप्रैल, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय में ई–आफिस प्रणाली तत्काल एवं अनिवार्य रूप से लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांकः आर0ओ0 / 732 / 2025–26, दिनांक 07.05.2026 एवं आर0ओ0 / 910 / 2025–26, दिनांक 25.05.2026 के द्वारा सूचित / निर्देशित किया गया था कि आप अपना विवरण पत्र में उल्लिखित गूगल लिंक पर अपलोड कर दे। खेद का विषय है कि कतिपय अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा ही अपना विवरण उक्त गूगल लिंक पर भरा गया है।

अतः आपसे पुनः अपेक्षा है कि आप https://forms.gle/bQ2Vbfcv9fYx4RdL9 पर वांछित सूचनाएँ दिनांक 15.06.2026 तक भरने का कष्ट करें, जिससे विश्वविद्यालय में समस्त पत्रावलियों का संचालन ई0 आफिस के माध्यम से सम्पादित किया जा सके।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
02. उपकुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित की वे अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को अपना विवरण उपर्युक्त गूगल लिंक पर भरने हेतु निर्देशित करें।
03. समस्त सहायक कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित की वे अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को अपना विवरण उपर्युक्त गूगल लिंक पर भरने हेतु निर्देशित करें।
04. समस्त कर्मचारीगणों को इस निर्देश के साथ प्रेषित की वे अपना विवरण उपर्युक्त गूगल लिंक पर प्रत्येक दशा में दिनांक 15.06.2026 तक भरना सुनिश्चित करें।

11/6/26

कुलसचिव